# फटाफट खबरें

# डिस्ट्रिक्ट रोल बॉल में दिखाई प्रतिभा




**एनबीटी न्यूज, गुड़गांव :** सेक्टर-37 स्थित सनसिटी स्कूल में डिस्ट्रिक्ट रोल बॉल टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। इसमें जिले के 25 से अधिक स्कूलों से 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया। तीन आयु वर्ग के तहत प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें अंडर-9 बॉयज कैटिगरी में ब्लू बेल्स मॉडल स्कूल की टीम विजेता बनी। वहीं आरपीएस स्कूल दूसरे स्थान, सनसिटी और यूरो स्कूल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। गर्ल्स कैटिगरी में सेक्टर-10 स्थित ब्लू बेल्स पब्लिक स्कूल पहले स्थान पर, सनसिटी स्कूल दूसरे स्थान पर रहा। अंडर-11 आयु वर्ग के बॉयज कैटिगरी में शालोम प्रेसीडेंसी पहले स्थान पर, केआर मंगलम दूसरे, आरपीएस- 89 और एचएसवी स्कूल तीसरे स्थान पर रहा। गर्ल्स कैटिगरी में भी शालोम प्रेसीडेंसी ने पहले स्थान पर जीत हासिल की, दूसरे स्थान पर केआर मंगलम, तीसरे स्थान पर लोटस वैली और मैरिवेनियस स्कूल रहा।